Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 21 जनवरी, 2023

देश की पहली हाइड्रोजन पावर ट्रेन

119 वर्ष पुराने **कालका-शमिला रेल मार्ग** पर देश को पहली हाइड्रोजन पावर ट्रेन का संचालन कयिा जाएगा।**वर्ष 2008** में यूनेस्को **ने कालका-शमिला रेल मार्ग को वर्ल्ड हेरटिज साईट का दर्जा** प्रदान कयिा। इस ट्रेन को चलाने की घोषणा केंद्रीय बजट में होगी। **कालका, बोग और शमिला में** इसके फँर्हाइड्रोजन सेंटर भी बनाए जाएंगे। इस ट्रेन का डज़िाइन फाइनल हो चुका है। ट्रेन का संचालन **'ग्रीन फ्यूल क्लीन फ्यूल'** थीम पर आधारति होगा। खास बात यह है कि इस ट्रेन में वंदे भारत जैसी तमाम अत्याधुनकि सुवधिाएँ होंगी एवं ट्रेन में सात कोच होंगे। स्वच्छ वैकल्पकि ईंधन वकिल्प के लयि हाइड्रोजन पृथ्वी पर सबसे प्रचुर तत्त्वों में से एक है। ग्रीन हाइड्रोजन **अक्षय ऊर्जा (जैसे सौर, पवन)** का प्रमुख स्रोत है। ग्रीन हाइड्रोजन **जल के इलेक्ट्रोलसिसि** द्वारा नरि्मति होता है और इसमें कार्बन फुटप्रटि कम होता है। इसके तहत वदि्युत द्वारा जल (H_2O) को हाइड्रोजन (H) और ऑक्सीजन (O_2) में वभिाजति कयिा जाता है। ज्ञातव्य है कि फ्राँस की रेल ट्रांसपोर्ट कंपनी अल्स्टोम ने **वशि्व की पहली हाइड्रोजन** से चलने वाली **ट्रेन को वर्ष** 2018 में प्रारंभ कयिा था।

मणपिुर, मेघालय और त्रपिुरा स्थापना दविस

21 जनवरी को **मणपिुर, मेघालय** और **त्रपिुरा** का **स्थापना दविस** मनाया जाता है, इस उपलक्ष्य पर**प्रधानमंत्री ने इन राज्यों के लोगों को शुभकामनाएँ दी हैं।** प्राकृतकि सौंदर्य और अनुपम छटा से युक्त **तीनों राज्य भारत की सांस्कृतकि ववििधता को समृद्ध बनाते हैं और साथ ही** अपनी इन वशिेषताओं के कारण पर्यटन **का केंद्र भी हैं। 21 जनवरी, 1972 को पूर्वोत्तर क्षेत्र (पुनर्गठन) अधनियिम, 1971 के तहत तीनों को पूर्ण राज्य का दर्जा** प्रदान कयिा गया था। 15 अगस्त, 1947 से पहले शांतपिूर्ण वार्ता के ज़रयिे ऐसे लगभग सभी राज्यों, जनिकी सीमाएँ भारतीय संघ के साथ लगती थीं, को वलिय हेतु एकजुट कर लयिा गया था, **15 नवंबर, 1949 को भारतीय संघ में वलिय होने तक त्रपिुरा एक रयिासत थी। 17 मई, 1947 को त्रपिुरा** के अंतमि **महाराजा बीर बकिरम सहि के नधिन** के पश्चात् **महारानी कंचनप्रभा ने त्रपिुरा राज्य का प्रतनिधित्वि संभाला।** भारतीय संघ में त्रपिुरा राज्य के वलिय में उन्होंने सहायक की भूमकिा नभिाई थी। **मेघालय, भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में स्थति एक छोटा पहाड़ी राज्य है जो 2 अप्रैल, 1970 को असम राज्य के भीतर एक स्वायत्त राज्य** के रूप में अस्तत्वि में आया।

प्रवीण शर्मा होंगे राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधकिरण के नए नदिेशक

प्रवीण शर्मा को स्वास्थ्य और परविार कल्याण मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधकिरण (आयुष्मान भारत डजिटिल मशिन) का नदिेशक नयिुक्त कयिा गया है। कार्मकि एवं प्रशकि्षण वभिाग (DOPT) द्वारा जारी आदेश के अनुसार, शर्मा को पदभार ग्रहण करने की तथिसिे या अगले आदेश तक पाँच वर्ष की अवधकि के लयि केंद्रीय कर्मचारी योजना के तहत पद पर नयिुक्त कयिा गया है। प्रवीण शर्मा 2005 बैच के इंडयिन डफिेंस सर्वसि ऑफ इंजीनयिर्स (IDSE) के अधकिारी हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधकिरण (NHA) "आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY)" नामक भारत की सार्वजनकि स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू करने के लयि ज़मि्मेदार शीर्ष नकिाय है, राष्ट्रीय स्तर पर PM-JAY को लागू करने के लयि NHA की स्थापना की गई थी। आयुष्मान भारत डजिटिल मशिन की शुरुआत 27 सतिंबर, 2021 को पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी, इसका उद्देश्य सभी भारतीय नागरकिों को अस्पतालों, बीमा फर्मों और आवश्यकता पड़ने पर इलेक्ट्रॉनकि रूप से स्वास्थ्य रकिॉर्ड तक पहुँचने में मदद करने हेतु डजिटिल स्वास्थ्य आईडी प्रदान करना है। यह न केवल अस्पतालों की प्रक्रयिाओं को सरल बनाता है बल्कि जीवन की सुगमता को भी बढ़ाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-21-january-2023